Amar Ujala Edition Aligarh
29.4.2017 Page 15
Height 7.55cm Width 8.65 cm

1 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था : प्रसाद

नई दिल्ली (ब्यूरो)। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि अगले 5-7 सालों में भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था एक लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों के तहत सब्सिडी भुगतान को आधार से जोड़ने की वजह से अपात्रों द्वारा इसका लाभ लिए जाने (लिकेज) पर रोक लगी है।

सब्सिडी को आधार से जोड़ते हुए उसके डिजिटल भुगतान के कारण सरकार ने 8 अरब डॉलर की बचत की है। प्रसाद ने बताया कि भारत एक आधार कार्ड के निर्माण पर 2 डॉलर खर्च करता है। आधार को टैक्स प्रणाली से जोड़ने पर इसके अच्छे परिणाम आने की उम्मीद की जा रही है। प्रसाद ने कहा कि आधार कार्ड में न्यूनतम सूचनाएं होती हैं। इसमें यह जानकारी नहीं होती है कि आप किस जाति के हैं, किस धर्म के या किस समुदाय के हैं। आपकी शैक्षणिक योग्यता क्या है, आपकी आय क्या है या आपका मेडिकल रिकॉर्ड कैसा है। आधार कार्ड के तहत आपके जो फिंगर प्रिंट लिए जाते हैं, वह बिल्कुल सुरक्षित हैं।